

नवभारत
भोपाल, सोमवार, 29 सितम्बर, 2025

# दुष्कर्मियों को मिले फांसी की सजा, घर पर चले बुलडोजर

## सर्व समाज ने की मांग, सोशल मीडिया पर व्यक्त किया गुस्सा, पुलिस ने तीनों आरोपियों को भेजा जेल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। नईसराय थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी में मूकबाधिर 10 वर्षीय नाबालिग बालिका से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद जहां पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।**







तो वहीं इस घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को लगी तो सभी ने इस मानवता को शर्मसार करने वाली घटना की निंदा की, तो वहीं आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने और फांसी की सजा दिये जाने की मांग की गई कि जिससे फिर से ऐसी कोई घटना घटित न हो। तो वहीं रविवार को प्रजापति समाज के लोग ग्राम उमरी पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़िता को न्याय दिलाने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग लेकर प्रदर्शन करने की बात कहीं। दरअसल हैवानियत की घटना सामने आने के बाद हर व्यक्ति का मन व्यतीथ हो गया, जिसको लेकर उन्होंने अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर साझा किया और आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। तो वहीं आरोपियों पर उनकी समाज सहित सर्वसमाज ने कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कहीं।

**आरोपियों को भेजा जेल:**

उल्लेखनीय रहे कि ऊमरी निवासी 10 वर्षीय मूक बधिर मानसिक दिव्यांग नाबालिक बालिका के साथ आरोपी भगवत कुशवाह पुत्र परमानंद कुशवाह, अजय उर्फ संजू कुशवाह पुत्र दमोदर कुशवाह एवं जगदीश उर्फ चऊआ पुत्र मुन्नालाल कुशवाह निवासी ग्राम किरोंदा ने पहले अपहरण किया और उसके बाद खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म कर पीड़िता को नग्न अवस्था में खेत में छोड़कर भाग गये थे। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के द्वारा तत्काल कार्यवाही करने नईसराय पुलिस को निर्देशित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने रात्रि में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए सलाखो के पीछे भेज दिया।

**सर्वसमाज ने कहा आरोपियों को फांसी, घर पर चले बुलडोजर:**

विगत दिन हुईसामूहिक दुष्कर्म की घटना ने हर किसी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि शांति प्रिये जिले में ऐसी भी दरिंदे है, जो अपनी हवास के लिए किसी भी को भी शिकार बना ले। इस घटना के बाद जहां सर्वसमाज ने इस घटना निंदा करते की तो वहीं आरोपियों को फांसी की सजा दिये जाने और उनके घर पर बुलडोजर चलाये जाने की बाते सोशल मीडिया पर कहीं। इसके अलावा प्रजापति समाज के लोग गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से न्याय दिलाने के लिए प्रशासन के समक्ष अपनी मांगे रखने की बात कहीं। इस दौरान समाज के वरिष्ठ लोगों ने अवगत कराया कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने और उनके घर पर बुलडोजर जैसी कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को समाज के लोगों प्रशासन को आवेदन दिया जाएगा। जिसमें मामले को फास्ट्रेक कोर्ट में मामला चलाये जाने और आरोपियों को फांसी दिये जाने की मांग की जाएगी।



# मैराथन दौड़: लोगों को जागरूक करने दौड़े पुलिस अधिकारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मै हूं अभिमन्यु अभियान के तहत रविवार सुबह पुलिस द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित अन्य लोग शामिल हुए। मैराथन दौड़ विमानों के चबूतरा से प्रारम्भ होकर शशीन्द्र राणा चौराहा, पछाडीखेडा रोड, फुट ओवर ब्रिज, गांधी पार्क, स्टेशन रोड, तुलसी पार्क होते हुये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमाक पर पहुंची, जजहां पर मैराथन दौड़ का समापन कर शपथ के साथ किया गया। इस मैराथन दौड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर सिसौदिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चौहान, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दरअसल पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष कर पुरूषों को जागरूक करने हेतु विशेष जागरुकता अभियान अभिमन्यु-3संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर में जागरूकता अभियान के चलाये जा रहे है, इसी के तहत रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने की शस्त्र पूजा

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा शनिवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। पेट्रोल पंप के पास, नहर कॉलोनी नया बस स्टैंड के पीछे, लंबरदार मोहल्ला, बाल्मीकि मोहल्ला, सत्येंद्र राणा वाली गली व नंगेश्री चौराहा स्थित झांकियों पर धूमधाम से शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री अनिल अग्रवाल ने शस्त्र पूजन का महत्व बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक देवी-देवता के हाथों में अस्त्र-शस्त्र होते हैं। जिनके हाथ में शस्त्र नहीं होते, उनकी पूजा नहीं की जाती। इसलिए हर सनातनी बंधु को दशहरे पर अपने घर में उपलब्ध शस्त्रों की पूजा कर मां भवानी से शक्ति की प्रार्थना करनी चाहिए ताकि हम धर्म, देश, बहन-बेटियों और मंदिर-मठों की रक्षा कर सकें। इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष राजेंद्र नामदेव, जिला अध्यक्ष एएचपी जिला संतोष रजक, निकी यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों को जीवन सहायक उपकरण वितरित

**अशोकनगर।** सेवा पखवाड़ा अभियान अन्तर्गत रविवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों को जीवन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 8 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर एवं बैसाखी तथा 22 वरिष्ठजनों को श्रवणयंत्र, नीकेप, स्टिक आदि वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम में अभिषेक यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अशोकनगर, राजेन्द्र प्रजापति उप संचालक सामाजिक न्याय, रंजीत लोधी, रामवीर सिंह धाकड़ सामाजिक सुरक्षा अधिकारी तथा रविकांत जैन प्रशासनिक अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र उपस्थित रहे।

### भाजपा की बैठक, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने पर जोर

**अशोकनगर।** अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के सोनेरा, शाढ़ोरा, पछार, ग्रामीण नगर,नगर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भाजपा के श्रद्धेयजनों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई। पूर्व विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान भारत को सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देगा, बाहरी निर्भरता को कम करेगा और स्थानीय उद्योगों, छोटे व्यवसायों, किसानों तथा रक्षा, कृषि, वस्त्र जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाएगा। श्री जज्जी ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को सार्थक बनाने और स्वदेशी अपनाने के लिए व्यापक जनजागरण किया जाए।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिता जैन, महामंत्री शीला जाटव, पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी,जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी,धर्मेंद्र रघुवंशी, लखन रघुवंशी धुर्रा, श्रीमती लखन यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी हरवीर सिंह रघुवंशी, मंडल प्रभारी श्री देवेंद्र रघुवंशी,मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा,बबलू यादव धतुरिया, अशोक रघुवंशी,पूर्व महामंत्री नंदलाल यादव,पूर्व जिला मंत्री मनोज शर्मा, योगेश खैरा मनीष धुरेटे आदि मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत नपा ने की मैराथन दौड़

## अभियान के तहत नगरपालिका ने नुक्कड़ नाटक सहित किये कई आयोजन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा एक भव्य एवं जन-उपयोगी कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा समाज में स्वच्छता, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाना रहा।



**प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का ग्रह प्रवेश:**

निकाय क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवासों का ग्रह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों ने अपने नए आवास में प्रवेश कर जीवन की एक नई शुरुआत की। यह क्षण उनके लिए न केवल भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता का भी प्रत्यक्ष उदाहरण बना।

**नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्वच्छता और जन-जागरूकता:**

ग्रह प्रवेश कार्यक्रम के साथ-साथ नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। इन प्रस्तुतियों में नागरिकों को अपने आसपास की स्वच्छता बनाए रखने, कचरा पृथक्करण (गीला और सूखा कचरा अलग करने) के महत्व, और गंदगी से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इंदौर से आई केशव शर्मा की विशेष नुक्कड़ नाटक टीम ने बेहद प्रभावशाली और मनोरंजक तरीके से संदेश दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान खींचा और सभी वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया।

**सिंगल यूज़ प्लास्टिक और नशा मुक्ति पर जागरूकता:**

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को उजागर किया गया। टीम ने बताया कि प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और पशु-पक्षियों के जीवन के लिए भी खतरा पैदा करता है। नागरिकों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक का उपयोग छोड़कर कपड़े एवं जूट के थैले अपनाएँ। इसी कड़ी में नशा मुक्ति अभियान भी चलाया गया। प्रस्तुतियों में नशे की लत से उत्पन्न होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान को विस्तार से बताया गया। युवाओं और अभिभावकों से विशेष आग्रह किया गया कि वे नशे से दूर रहें और समाज को इस बुराई से मुक्त कराने में सहयोग करें। वहीं सेवा पखवाड़ा की इसी कड़ी में रविवार को मैराथन दौड़ एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।



### देहात पुलिस ने दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** देहात थाना पुलिस द्वारा विगत दिनों गुम हुई नाबालिग को दस्तयाब किया है, साथ उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि आरोपी महाराष्ट्र में रह रहा था, जिसे पुलिस ने सायबर सैल की मद्द से गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं स्वतन्त्रता के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा गुम बालक, बालिकाओं, महिलाओं की दस्तयाबी की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है जिसमें अशोकनगर पुलिस द्वारा गुम बालक, बालिकाओं, महिलाओं का साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर दस्तयाब किया जाकर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नाबालिग अपहृत को दस्तयाव कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। दरअसल आरोपी पुणे महाराष्ट्र में था, जिसे थाना यवत जिला पुणे महाराष्ट्र से अपहृत बालिका को दस्तयाब किया एवं संदेही मोनू केवट को पूछताछ हेतु पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पीडिता ने आरोपी मोनू केवट द्वारा अपने साथ ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाना बताया जिस पर से प्रकरण में धारा 96, 64 (2एम), 64(2एफ), 127(4) बीएनएस एवं 5एल/6, 5एन/6 पॉक्सो एक्ट इजाफा की जाकर आरोपी मोनू केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# माता सीता की खोज में निकले वानर-भालू

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज में चल रही है। जिसमें सर्वप्रथम भगवान गणेश, रामायण और इसके बाद राम जी की आरती की गई। आरती सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा ने की। इसके पश्चात लीला के प्रथम दृश्य में शबरी के द्वारा राम जी पधारे राम जी ने शबरी के झूठे बेर खाकर नवधा भक्ति बतलाई, फिर सबरी ने राम जी को पंपापुर में सुग्रीव के पास जाने की सलाह दी, राम जी जैसे ही पंपापुर में आए सुग्रीव ने उन्हें दूर से देखा और हनुमान को उनके पास भेजा, हनुमान जी ने अपने प्रभु को पहचाना और राम हनुमान मिलन का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया। फिर हनुमान जी राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बिठाकर सुग्रीव के पास ले आए, जहां हनुमान जी ने राम जी और सुग्रीव की मित्रता कराई सुग्रीव जी ने अपने भाई बाली द्वारा उनको देश से निकालने की कथा सुनाई, जिसे सुन राम जी ने बाली का वध कर दिया और सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया। इसके बाद चारों ओर से बानर समूह एकत्रित किया गया और वानर भालू माता सीता की खोज में चारों ओर निकले। लीला में रामायण का वाचन कथा वाचक चंद्र मोहन मिश्रा, राम आर्यन शर्मा, लक्ष्मण सुमित श्रीवास्तव ने अभिनय किया।



### तीन दिवसीय रजवाड़ी रास संपन्न

**अशोकनगर।** नवरात्र के अवसर पर जिला मुख्यालय पर तीन रजवाड़ी रास का आयोजन किया गया, जिसका समापन शनिवार की रात्रि किया गया। इस दौरान समिति द्वारा तीन अलग-अलग कैटेगिरी को पुरूस्कार का वितरण किया गया, जिसमें बालक-बालिका, एकल और सामूहित गरबा शामिल है। इस दौरान सभी गरबा कर मा जगदंबा की आराधना की।

# आलू, टमाटर में जानवरों की चर्बी के उपयोग पर शाकाहारी समाज ने जताई आपत्ति

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** हाल में हुए गजट नोटिफिकेशन में टमाटर और आलू जिसे शाकाहारी समाज सबसे अधिक उपयोग करता था उसे भी अब नए आदेश ने मांसाहार की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। अभी तक इन फसलों को उपजाने में फर्टिलाइजर का उपयोग किया जाता था लेकिन अब हाल में ही कृषि मंत्रालय ने इन फसलों के उपयोग करने के लिए जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल करने का आदेश किया है।

एन के जीवमित्र अध्यक्ष मिशन जीवनमित्र ने इस पर आपत्ति जताई है और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखा है देश भर से भी सभी शाकाहारी समाज ने इसे शाकाहार समाज के साथ अन्याय बताया है। लिख गए पत्र में कहा गया है कि बहुत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी हाल ही में आपके मंत्रालय द्वारा एफसीओ द्वारा वर्ष 1985 में संशोधन करते हुए 13 अगस्त 2025 को गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से ऐसे प्रावधान जोड़े हैं। जिनके तहत अब बायो-स्टिमुलेंट में पशु-आधारित अमीनो एसिड को वैध कर दिया गया है।

**राजपत्र के अनुसार:**

गजट नोटिफिकेशन के आईटम नंबर 26 के अनुसार मछलियों के मांस और खाल से निकाले गये प्रोटीन हाईड्रोलाईजेट को आलू की फसलों में फर्टिलाइजर के रूप में उपयोग करने की रिकमेंडेशन है। इसी तरह आईटम 30 के अनुसार गौजातीय पशुओं के मांस और चमड़े से प्राप्त किये गये प्रोटीन हाईड्रोलाईजेट को टमाटर की फसलों में फर्टिलाइजर के रुप में उपयोग करने की रिकमेंडेशन है। जबकि आलू और टमाटर ऐसी सब्जियां हैं जिनका शाकाहारी समाज द्वारा भरपूर उपयोग किया जाता है। आप स्वयं एक शाकाहारी व्यक्ति हैं और शुद्ध भोजन में विश्वास करते हैं। यह कैसी विडम्बना है कि आपके ही मंत्रित्वकाल में कृषि को रक्तरंजित करने के आर्डर निकाले गये हैं? क्या आपकी अंतरात्मा ने इतना बड़ा गलत काम करने में आपको धिक्कारा नहीं? जबकि फर्टिलाइजर के लिये आवश्यक अमीनो एसिड प्राकृतिक रूप से पौधों, दलहन, सोयाबीन, समुद्री शैवाल आदि से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। गजट में लिखा भी है। इसके बावजूद भी, आपके मंत्रालय ने कत्लखानों एवं चमड़ा घरों से निकली गंदगी (हड्डियाँ, खून, चमड़ा, आंतरिक अवशेष आदि) से बने उत्पादों को कृषि उत्पादन में उपयोग करने की मंजूरी दी है, जो कि एक अक्षम्य कृत्य है। आपके मंत्रालय का यह भ्रष्ट कृत्य न सिर्फ शाकाहारी समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाता है, बल्कि चुपके से भारतीय कृषि और खाद्य श्रृंखला में गौजातीय पशुओं के वेस्ट को घुसाने का षड्यंत्र भी है। स्लॉटर हाउस और मीट इंडस्ट्री के पास तो प्रतिदिन लाखों टन वेस्ट बचता है। अब इस वेस्ट को बायो-स्टिमुलेंट के नाम पर फर्टिलाइज़र में खपाने का रास्ता आपके मंत्रालय ने खोल दिया है, जिसका सीधा लाभ स्लॉटर हाउस लॉबी को होगा। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह निर्णय आपकी पार्टी और मीट लाबी की मिली भगत का नतीजा है? आपके मंत्रालय के आर्डर की वजह से पशु स्रोत वाले उत्पाद खाद्य श्रृंखला में भी प्रवेश कर जाएंगे, जो करोड़ों शाकाहारी लोगों की धार्मिक आस्था और जीवनशैली के अधिकार (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन है। उपरोक्त निर्णय हिंदू और जैन समाज के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। हमारी मांग है कि कृषि और खाद्य सुरक्षा में स्लॉटर हाउस वेस्ट का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए। अन्यथा हमें इसके लिये जन आंदोलन करना पड़ेगा।

**मांग** | **कलेक्टर के निरीक्षण समय दिया मांग से सबंधित आवेदन**

# समाज सेवी ने कलेक्टर के समक्ष रखीं नगर विकास की चार मांगें

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** शहर के कृषि वैज्ञानिक, समाजसेवी और ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आशीष पालीवाल द्वारा कलेक्टर आदित्य सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें उन्होंने चार मांगे रखी जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए,उन्होंने शहर विकास को लेकर सबसे पहली उन्होंने सिविल अस्पताल में बेहोश करने वाले डॉक्टर को पदस्थ किए जाने की मांग रखी,क्योंकि जबसे सिविल अस्पताल का उन्नयन किया गया है जिसमें सारी सुविधाएं दी गई है और गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन के लिए कक्ष भी बनाया गया है और बेहोशी वाला डॉक्टर नहीं होने से ऑपरेशन की शुरुआत नहीं हो पा रही है। सिविल अस्पताल में एक एनेस्थेटिक विशेषज्ञ, जिसे एनेस्थेसियोलॉजिस्ट या एनेस्थेटिस्ट के रूप में भी जाना जाता है, एनेस्थेसियोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त एक चिकित्सा चिकित्सक होता है। उनकी प्राथमिक भूमिका शल्य चिकित्सा और अन्य चिकित्सा प्रक्रियाओं से पहले, उनके दौरान और बाद में एनेस्थीसियादेकर , रोगी के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करके और दर्द का प्रबंधन करके देखभाल प्रदान करना होता है इसके अलावा दूसरी मांग पुरानी कृषि उपज मंडी में मंडी चालू की जाए ,तीसरी मांग हाट बाजार में लगने वाले छोटे ओर बड़े दुकानदारों को व्यवस्थित किया जाए उसके अलावा चौथी मांग में अभी त्यौहारों का सीजन चल रहा है जिसमें नव रात्रि चल रही है ओर शहर में महिलाएं,बुजुर्ग ओर बच्चे झांकी देखने ओर जल चढ़ाने निकलते है जिससे रास्ते भर आवारा पशु ओर जानवर मिलते है जो श्रद्धालुओं को नुकसान पहुंचाते है इन सभी को शहर से बाहर किया जाए।



**ऑपरेशन के लिए बाहर जाने को मजबूर होते है लोग:**

सिविल अस्पताल का जब निर्माण कार्य शुरू किया गया था, तो उसमें सारी सुविधाएं दी जाने की बात कही गई थी और उसके लिए अलग-अलग कक्ष का निर्माण कार्य भी कराया गया था। मगर केवल यह भवन ओर मशीन मंगवाकर रख ली गई है उसका उपयोग आजतक नहीं किया जा सका है और उसकी मूल वजह है कि स्टाफ की कमी है जिसे पूरा नहीं किया जा रहा है जब की सिविल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ है मगर गर्भवती महिलाओं के लिए ऑपरेशन के लिए बाहर रेफर कर दिया जाता है।